THE SUNDAY INDIAN
THE NATION'S GREATEST NEWS WEEKLY

यह लेख प्रिंट करें

समाज के उत्थान में जुटे युवाओं का सुरजकुंड में लगेगा जमावड़ा

सुरजकुंड,, मई 15, 2013 16:35

सीसीएस व एफएनएफ की देखरेख में विशेषज्ञ करेंगे मार्ग दर्शन

सुरजकुंड, फरीदाबाद। भ्रष्टाचार, गरीबी, आर्थिक एवं सामाजिक पतन की समस्या से जूझ रहे देश का उत्थान कैसे हो? किस प्रकार देश फिर से एक दशक पूर्व के आर्थिक विकास के मार्ग पर आगे बढ़े? समस्याओं का मूल कारण और निवारण क्या है? इन महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा परिचर्चा करने और एक राय कायम करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त थिंकटैंक सेंटर सेंटर फॉर सिविल सोसायटी (सीसीएस) व फ्रेडरिक न्यूमन फाउंडेशन (एफएनएफ) द्वारा सुरजकुंड के होटल द आट्रियम, क्लेरिजेस में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है. 16-19 मई तक चलने वाले चार दिवसीय इस कार्यशाला में समाज कार्य के क्षेत्र में जुटे तीस चयनित युवा कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा परिचर्चा कर मुद्दों का हल ढूंढने की कोशिश की जाएगी। कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा परिचर्चा करने व उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए देश के प्रख्यात आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ डा. पार्थ जे शाह सहित अन्य विशेषज्ञ स्वयं मौजूद रहेंगे. इस बाबत सेंटर फॉर सिविल सोसायटी (सीसीएस) के सदफ हुसैन ने बताया कि कार्यशाला के लिए देशभर से प्राप्त हुई ढेरों प्रविष्ठियों और आवेदनों में से तीस प्रतिभागियों का चयन किया गया है. चयनित प्रतिभागियों को कार्यशाला के दौरान चार दिनों तक विशेषज्ञों के सानिध्य में रखा जाएगा और औपचारिक व अनौपचारिक वार्ताओं और चर्चाओं परिचर्चाओं का मौका प्रदान किया जाएगा. सीसीएस की बैशाली बोमजन के मुताबिक कार्यशाला का उद्देश्य समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने वालों को प्रोत्साहित करना और उनका मार्गदर्शन करना है.